**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**23.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शहीद दिवस पर स्वतंत्रता सैनानियों भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरू को दी श्रद्धांजलि।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने नशे के खात्मे के लिए समाज के सभी लोगों से एकजुट होने का किया आह्वान।
- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा– प्रदेश को हरित ऊर्जा व आत्मनिर्भर राज्य बनाने की दिशा में काम कर रही है सरकार।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा– अध्यापन कार्य सुचारू बनाए रखने के लिए शैक्षणिक सत्र के बीच नहीं होंगे अध्यापकों के तबादले।

**समाचार विस्तार से..........**

**प्रधानमंत्री – शहीद दिवस–**

आज शहीद दिवस है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मौके पर स्वतंत्रता सैनानियों भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि दी है। आज ही के दिन वर्ष 1931 में इन तीनों महान सपूतों को लाहौर जेल में फांसी दी गई थी। प्रधानमंत्री ने इन क्रांतिकारियों के सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए कहा है कि देश की आज़ादी और न्याय के लिए इनका अदम्य साहस व सर्वोच्च बलिदान देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा।

प्रधानमंत्री ने महान स्वतंत्रता सैनानी डॉक्टर राम मनोहर लोहिया को भी उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी है। प्रधानमंत्री ने डॉक्टर लोहिया को एक दूरदर्शी नेता बताया।

**राज्यपाल**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने नशे के खात्मे के लिए समाज के सभी लोगों से एकजुट होने का आह्वान किया है। शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में आज आयोजित ''शिमला अगेंस्ट ड्रग्स'' संगोष्ठि में उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। राज्यपाल ने कहा कि देवभूमि हिमाचल से नशे का खात्मा ज़रूरी है और युवा पीढ़ी में बढ़ती नशे की लत सभी के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ अब घर–घर में चर्चा शुरू हो गई है और युवा पीढ़ी को नशे के खिलाफ जागरूक करना होगा। राज्यपाल ने कहा कि लोग हिमाचल बचाओ–नशा भगाओ के नारे को सार्थक करते नज़र आ रहे हैं जो प्रसन्नता का विषय है।

**हरित ऊर्जा**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश को हरित ऊर्जा और आत्मनिर्भर राज्य के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कल देर शाम नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से डॉक्टर मनमोहन सिंह राज्य लोक प्रशासन संस्थान हिप्पा में समृद्ध हिमाचल–2045 तीन दिवसीय भौतिक विचार मंथन अभ्यास कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य संगोष्ठियों व चर्चाओं के माध्यम से प्रदेश के सतत् आर्थिक विकास में 20 वर्षीय कार्य योजना तैयार करना है।

**रोहित ठाकुर**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि राज्य सरकार ने शैक्षणिक सत्र के दौरान अध्यापकों के तबादले बंद करने का निर्णय लिया है ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित न हो। उन्होंने आज शिमला ज़िले में राजकीय महाविद्यालय ठियोग के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। रोहित ठाकुर ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में सरकार के कड़े निर्णयों से भविष्य में सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि विभाग में रिक्त पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरा जा रहा है और कॉलेजों में प्राचार्यों के एक सौ रिक्त पद पदोन्नति के माध्यम से भरे गए हैं। इसके अलावा 4 सौ 84 सहायक प्रोफैसर की भर्ती की जा चुकी है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा क्षेत्र के लिए 9 हज़ार 8 सौ 50 करोड़ रूपए का बजट आबंटित किया है जो कुल बजट का लगभग 17 फीसदी है। रोहित ठाकुर ने कॉलेज के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार भी बांटे।

**एक भारत–श्रेष्ठ भारत–भाजपा**

एक भारत–श्रेष्ठ भारत के तहत भाजपा द्वारा आज सोलन ज़िले के परवाणू में बिहार दिवस को लेकर स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने इसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की जबकि पार्टी नेता व सांसद मनोज तिवारी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। मनोज तिवारी ने कहा कि सोलन ज़िले में पूर्वांचल के प्रवासी लोगों की संख्या बहुत अधिक है जो बद्दी, नालागढ़ और परवाणू में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग अपने परिश्रम के लिए जाने जाते हैं और देश के विकास में इनका अहम योगदान रहा है।

**शांडिल**

स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि महिलाओं को उन्नत व आर्थिक रूप से संपन्न बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। सोलन ज़िले के कण्डाघाट में आज एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में राज्य सरकार ने इंदिरा गांधी सुख शिक्षा और इंदिरा गांधी प्यारी बहना जैसी योजनाएं शुरू की हैं। धनीराम शांडिल ने इस मौके पर मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत भी किया।

**कुलपति**

प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के कुलपति सतप्रकाश बंसल ने कहा कि पिछले 3 वर्षों में विश्वविद्यालय ने अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा

कि विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में उन्होंने 3 वर्ष का कार्यकाल पूरा कर लिया है और परीक्षाओं में पारदर्शिता के साथ समय पर परिणाम निकालना उनकी एक बड़ी उपलब्धि है। सतप्रकाश बंसल ने इस मौके पर राज्यपाल और राज्य सरकार से उन्हें कुलपति के अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त करने का आग्रह भी किया।

**सैमिनार**

सोलन ज़िले के चण्डी स्थित वी.एस.एल.एम. शिक्षण महाविद्यालय में आज डिजिटल अधिगम व प्रौद्योगिकी एकीकरण विषय पर राष्ट्रीय सैमिनार का आयोजन किया गया। कसौली के उपमण्डल अधिकारी महेन्द्र प्रताप सिंह ने इसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर विभिन्न विश्वविद्यालयों व कॉलेजों से आए शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। कॉलेज के प्राचार्य राजमणि शर्मा ने बताया कि इस मौके पर कई जाने–माने शिक्षाविदों ने अपने विचार रखे और शोधार्थियों का मार्गदर्शन किया।

**भाजपा**

भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल में विकास के नाम पर कोई कार्य नहीं किया है और माफिया का बोल बाला है। बिलासपुर में आज नैनादेवी विधानसभा क्षेत्र के दो भाजपा मण्डलों की परिचय बैठक में उन्होंने कहा कि भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनकर उभरी है। बैठक में 27 मार्च को शिमला में होने वाले भाजपा के प्रदर्शन को लेकर भी चर्चा की गई। नंदा ने कहा कि बिलासपुर ज़िले से भी सैंकड़ों कार्यकर्ता इस प्रदर्शन में हिस्सा लेंगे। नैनादेवी के विधायक रणधीर शर्मा इस मौके पर विशेष रूप से मौजूद रहे।

**मौन पालन**

उद्यान विभाग द्वारा सोलन ज़िले के चायल स्थित महोग बाग आदर्श पुष्प केन्द्र में मौन पालन पर आयोजित 7 दिवसीय शिविर आज संपन्न हुआ। समापन अवसर पर उद्यान विभाग की उपनिदेशक डॉक्टर सुदर्शना नेगी ने बागवानों से मौन पालन को व्यवसाय के रूप में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मधुमक्खी पालन कर बागवान अपनी आर्थिकी को सुदृढ़ कर सकते हैं। उद्यान विभाग विकासखण्ड मशोबरा के विषय विशेषज्ञ डॉक्टर शरद गुप्ता ने इस मौके पर बागवानों को मधुमक्खी पालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया और विस्तार से जानकारी दी।

**बस मांग**

चम्बा ज़िले की जनजातीय पांगी घाटी की अनेक पंचायतों में पिछले लगभग 2 महीने से राज्य परिवहन निगम की बस सेवा बंद होने के कारण लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। शौर पंचायत के उपप्रधान निहाल सिंह भारद्वाज ने बताया कि बसें न चलने के कारण लोगों को भारी भरकम किराया देकर टैक्सियों में सफर करना पड़ रहा है। उन्होंने राज्य सरकार व पांगी प्रशासन से घाटी में राज्य परिवहन निगम की बस सेवा जल्द बहाल करने का आग्रह किया है।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शहीद दिवस पर स्वतंत्रता सैनानियों भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरू को दी श्रद्धांजलि।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने नशे के खात्मे के लिए समाज के सभी लोगों से एकजुट होने का किया आह्वान।
- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा– प्रदेश को हरित ऊर्जा व आत्मनिर्भर राज्य बनाने की दिशा में काम कर रही है सरकार।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा– अध्यापन कार्य सुचारू बनाए रखने के लिए शैक्षणिक सत्र के बीच नहीं होंगे अध्यापकों के तबादले।